दैनिक
न्याय साक्षी



## संपादकीय

# मार्गदर्शक फैसले

नवंबर माह का दूसरा सप्ताह देश की शीर्ष अदालत द्वारा दिये गये युगांतरकारी फैसलों के लिये हमेशा याद किया जायेगा। इसी माह सेवानिवृत्त हो रहे मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को इस बात का श्रेय दिया जा सकता है कि उन्होंने देश हित से जुड़े ज्वलंत विषयों में मार्गदर्शक फैसले देकर नई मिसाल पेश की। सबसे पहले नौ नवंबर को सदियों से विवादों में फंसे अयोध्या विवाद मुद्दे में सुप्रीमकोर्ट की संवैधानिक बैंच का फैसला आया, जिसको देश के जनमानस ने सिर-माथे पर रखा। फैसले के बाद आम जनता, मीडिया और राजनीतिक दलों ने अनुकरणीय संयम का परिचय दिया, जिसके बाद ही दूसरे बहुचर्चित मामलों में फैसले का मार्ग प्रशस्त हो सका। फिर बुधवार को जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली संवैधानिक बैंच ने फैसला दिया कि मुख्य न्यायाधीश का कार्यालय सूचना के अधिकार कानून के दायरे में आता है। वहीं गुरुवार को तीन अहम मामलों में फैसले का दिन था। ये तीन मामले थे–आम चुनाव प्रचार के दौरान खूब उछला राफेल विमान खरीद का मुद्दा, सबरीमाला मंदिर में सभी उम्र की महिलाओं के प्रवेश का मामला तथा राहुल गांधी पर अवमानना का प्रकरण। 17 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे जस्टिस रंजन गोगोई ने पिछले दिनों लगातार महत्वपूर्ण फैसले दिये। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई ?अमर्यादित टिप्पणी पर हुए मानहानि के मामले में राहुल गांधी द्वारा माफी मांग लेने के बाद कोर्ट ने मामले का पटाक्षेप कर दिया। नि:संदेह बिना ठोस आधार के देश के प्रधानमंत्री पर राजनीतिक स्वार्थों के लिये अमर्यादित बयान देना निश्चय ही दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं राफेल मामले पर आरोप-प्रत्यारोपों से जहां रक्षा सेनाओं का मनोबल प्रभावित हुआ, वहीं फ्रांस के साथ राजनयिक संबंधों पर भी प्रभाव पड़ा। राफेल सौदे में पुनर्विचार याचिकाएं खारिज करके न्यायालय ने कहा कि सौदे में संदेह करने का कोई ठोस आधार नजर नहीं आता।नि:संदेह बिना ठोस सबूतों के रक्षा जैसे संवेदनशील मामलों में प्रलाप करना राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करना है। कम से कम ऐसे वक्त में जब भारतीय वायुसेना लड़ाकू विमानों की गंभीर कमी से जूझ रही है, ऐसे मुद्दों पर सतही राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जायेगा। ऐसे तमाम अहम फैसलों के बीच शीर्ष अदालत ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश का कार्यालय सूचना के अधिकार के दायरे में आएगा क्योंकि यह सार्वजनिक प्राधिकार अर्थात पब्लिक अथॉरिटी है। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने विगत में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दिये गए उस फैसले को मान्यता दी, जिसमें मुख्य न्यायाधीश के पद को आरटीआई के दायरे में रखने की बात कही गई थी। उनका मानना था कि इस फैसले से सूचना के अधिकार कानून को मजबूती मिलेगी। कहीं न कहीं माना गया कि पारदर्शिता से न्यायिक स्वतंत्रता प्रभावित नहीं होती। साथ ही अदालत का यह भी मानना है कि आरटीआई कानून को न्यायपालिका पर निगरानी रखने के हथियार के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जा सकता।

# ट्रेन लेट होने पर यात्रियों को एसएमएस से मिलेगी सूचना

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सर्दियों के मौसम में कोहरे और धुंध के कारण ट्रेन लेट होने पर रेल यात्रियों को बेवजह घंटों रेलवे स्टेशन पर इंतजार करना पड़ता है। इसे लेकर रेलवे ने बड़ी घोषणा की है। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि यात्रियों के सफर को सुविधाजनक बनाने के लिए अब रेलवे यात्रियों को ट्रेनों के बारे में रियल टाइम अपडेट्स उपलब्ध कराएगा। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने एक ट्वीट के जरिये यह जानकारी दी है। गोयल ने अपने ट्वीट में एसएमएस सेवा सुविधा को दिखाने के लिए एक विडियो भी शेयर किया है, जिसमें टैग लाइन है-रेलवे है तैयार, अबकी बार कोहरे पर वार।

हर साल जाड़े के मौसम के दस्तक देने के साथ ही ट्रेनों और विमानों का विलंब होना शुरू हो जाता है। जाड़े के मौसम में कोहरे के कारण देशभर में ट्रेनों तथा विमानों के विलंब होने का सिलसिला शुरू हो जाता है। इसलिए यात्रियों को परेशानी न हो इसके लिए रेलवे एसएमस के माध्यम से यात्रियों को उनके ट्रेन की रियल टाइम जानकारी देगा।



रेल यात्रियों को जल्द ही इस तरह के मेसेज मिलने शुरू हो जाएंगे, अगर उनकी ट्रेन को एक घंटे से अधिक का विलंब होता है। रेलवे की इस एसएमएस सेवा से यात्रियों को काफी फायदा होगा। अगर ट्रेन को एक घंटे का विलंब होता है तो उस ट्रेन के तमाम यात्रियों को एसएमएस अलर्ट भेजा जाएगा। ट्रेन के लेट होने की स्थिति में यात्रियों के मोबाइल पर सूचना, रात को विशेष पेट्रोलिंग, व सिग्नल की जानकारी पॉयलट तक पहुंचाने के लिये फॉग सेफ्टी डिवाइस जैसी अनेकों व्यवस्थायें की गयी हैं।


# मेडिकाबाजार ने जुटायी 112 करोड़ रुपये की पूंजी

**मुंबई (आरएनएस)।** चिकित्सकीय उपकरणों की आपूर्ति करने वाली कंपनी मेडिकाबाजार ने भारत के साथ साथ बेल्जियम और जापान के निवेशकों से 112 करोड़ रुपये की पूंजी जुटायी है। कंपनी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह पूंजी कारोबार के विस्तार के लिये जुटायी गयी है। उसने कहा कि ये पूंजी हेल्थ क्वैड, बेल्जियम की कंपनियों एकेर्मन्स और वान हैरेन तथा जापानी कंपनियों रीब्राइट पार्टनर्स और टोप्पन प्रिंटिंग कंपनी से जुटायी गयी है। इनके अलावा पहले से निवेश कर रही कंपनियों सीबीसी




कंपनी, एलन कॉरपोरेशन, मित्सुई सुमितोमो इंश्योरेंस वेंचर कैपिटल, कोइस इंवेस्ट तथा एंजल निवेशकों सुनील कालरा और अरुण वेंकटचलम ने भी इस दौर के निवेश में हिस्सा लिया। कंपनी ने कहा कि वह चालू वित्त वर्ष के अंत तक राजस्व को पांच गुना बढ़ाकर 10 करोड़ डॉलर करने का लक्ष्य बनाकर चल रहा है।

## टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये लिथियम अरबन के साथ गठजोड़ किया




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** टाटा मोटर्स ने सोमवार को कहा कि उसने इलेक्ट्रानिक वाहन उपलब्ध कराने वाली लिथियम अरबन टेक्नोलॉजीज के साथ समझौता किया है। यात्री, माल ढुलाई समेत विभिन्न खंडों में वाहनों के समाधान को लेकर यह समझौता किया गया है। टाटा मोटर्स ने एक बयान में कहा कि समझौते के तहत चालू वित्त वर्ष के अंत तक वह 400 टिगोर इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) लिथियम अरबन को आपूर्ति करेगी। समझौते के तहत कंपनी आने वाले नेक्सोन ईवी जैसे 100 और इलेक्ट्रिक वाहन भी उपलब्ध कराएगी।टाटा मोटर्स के अध्यक्ष (इलेक्ट्रिक मोबिलिटी बिजनेस एंड कॉरपोरेट स्ट्रैटजी) शैलेष चंद्रा ने कहा, ''यह न केवल टाटा मोटर्स के लिये मील का पत्थर है बल्कि ईवी बाजार में एक बड़ा बदलाव है। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों में तेजी आएगी।

## टैक्सपेयर्स को मिलेगी बड़ी राहत, क्रेडिट कार्ड से कर सकेंगे टैक्स का भुगतान

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** टैक्सपेयर्स को मोदी सरकार बड़ी राहत देने की तैयारी में है। ये राहत टैक्स को अदा करने के मामले में है। सरकार ऐसी योजना पर काम कर रही है जिसके तहत करदाता क्रेडिट कार्ड, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और मोबाइल वॉलेट के जरिए इनकम टैक्स का भुगतान कर पाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स में राजस्व सचिव अजय भूषण ने पुष्टि की है कि जल्द ही यूपीआई के माध्यम से इनकम टैक्स की भुगतान की सुविधा प्रदान की




जाएगी और इस पर काम भी चल रहा है। भूषण के मुताबिक आज हम केवल नेटबैंकिंग और डेबिट कार्ड के जरिए भुगतान कर पाते हैं।

फिलहाल टैक्स का भुगतान नेटबैंकिंग और डेबिट कार्ड से ही हो पाता है। इसके अलावा आप नकद रूप में टैक्स का भुगतान कर पाते हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में सरकार ने करदाताओं को एक और राहत देते हुए वित्त वर्ष 2017-18 और 2018-19 के लिए जीएसटी वार्षिक रिटर्न भरने की तारीख को बृहस्पतिवार को बढ़ाकर क्रमश = 31 दिसंबर 2019 और 31 मार्च 2020 कर दिया। इसी प्रकार , मिलान ब्योरा जमा करने की तारीख को भी बढ़ाया गया है।

## भारत में ऐमजॉन का प्रदर्शन काफी अच्छा : जेफ बेजॉस

**वॉशिंगटन (आरएनएस)।** ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज ऐमजॉन के फाउंडर एवं सीईओ जेफ बेजॉस ने कहा है कि कंपनी भारत में 'बेहद अच्छा' प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने भारत में नियामकीय मोर्चे पर स्थिरता की उम्मीद जताई। बेजॉस से पूछा गया था कि डिजिटलीकरण को लेकर भारत की कुछ नीतियां क्या ऐमजॉन के लिए चिंता का विषय हैं।

बेजॉस ने कहा कि हम हमेशा चाहते हैं कि भारत में नियामकीय स्थिरता हो। जो भी नियमन हों समय के साथ उनमें स्थिरता आनी चाहिए। हम इसी की उम्मीद कर रहे हैं। यहां एक कार्यक्रम के मौके पर अलग से बातचीत में बेजॉस ने कहा कि ऐमजॉन भारत में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 'भारत में हमारे कारोबार का प्रदर्शन काफी अच्छा है और यह तेजी से बढ़ रहा है।''



2020 में व्हाइट हाउस जाने की संभावना खारिज करते हुए बेजॉस ने कहा कि उनके पास करने को काफी कुछ है और फिलहाल वह उस पर ध्यान दे रहे हैं।

## तनुश्री मेरी बैकबोन हैं : इशिता दत्ता



तुनश्री दत्ता को हाल ही में टीवी शो बेपनाह प्यार के सेट पर देखा गया, जिसमें उनकी बहन इशिता दत्ता काम कर रही हैं। बड़ी बहन तनुश्री को प्यार से दी कहने वाली इशिता ने कहा, दी कुछ साल पहले अमेरिका चली गई थीं और इसलिए वह मिलने सेट पर नहीं आ सकती थीं। पहली बार उन्होंने मुझे कैमरे के सामने परफॉर्मेंस करते देखा। वह बेहद खुश हुईं। दीदी को अच्छा समय गुजारते देखकर मुझे बहुत खुशी हुई। पूरा यूनिट उनकी मौजूदगी से खुश था और उन्हें सहज महसूस कराने की कोशिश की।


इशिता ने यह भी बताया कि कैसे तनुश्री ने उनके सपनों को पूरा करने में उनकी मदद की।

उन्होंने कहा, तनुश्री ने मुझे मेकअप करना सिखाया जबकि मैं ब्रश भी ढंग से पकड़ना नहीं जानती थी। उन्होंने मुझे तब एक्टिंग स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित किया, जब मैं अपने व्यक्तित्व और अभिनय को लेकर कॉन्फिडेंट नहीं थी। यहां तक उन्होंने शहर के सबसे अच्छे फोटोग्राफरों से मेरा फोटो शूट कराया। उन्होंने मुझे मेरा सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रोत्साहित किया। आज मैं बड़ी फिल्मों में से एक में और शहर के बड़े टीवी प्रोडक्शन हउस में से एक में काम कर रही हूं। कई लोग नहीं जानते कि मेरी बहन मेरी बैकबोन रही है।

## पृथ्वीराज की संयोगिता के रूप में अपना ग्रैंड बॉलिवुड डेब्यू करेंगी मानुषी छिल्लर

साल 2017 की खूबसूरत मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर के बॉलिवुड डेब्यू का काफी वक्त से इंतजार किया जा रहा है। पिछले काफी वक्त से उनके बॉलिवुड डेब्यू की चर्चा सामने आ रही है लेकिन अब पता चल गया है कि मानुषी किस फिल्म से डेब्यू करने जा रही हैं। खबर है कि मानुषी को पृथ्वीराज चौहान पर आधारित फिल्म में संयोगिता के लीड रोल के लिए साइन किया गया है।

मानुषी की इस भव्य डेब्यू फिल्म को डॉक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी डायरेक्ट करेंगे जिन्होंने दूरदर्शन के सीरियल चाणक्य, बॉलिवुड मूवी पिंजर और मोहल्ला अस्सी का डायरेक्शन किया है। दिवाली 2020 में रिलीज होने वाली इस फिल्म के बारे में द्विवेदी ने कहा, हमने कई युवा चेहरों का ऑडिशन लिया क्योंकि हम इसमें एक बेहद खूबसूरत भारतीय युवती को लेना चाहते थे। संयोगिता की खूबसूरती को दर्शाने के लिए हमें मानुषी परफेक्ट लगीं।उन्होंने आगे बताया कि मानुषी ने इस रोल के लिए दो बार ऑडिशन दिया और दोनों बार उन्होंने बेहतरीन ऑडिशन दिया। मानुषी पिछले 9 महीनों से लगातार इस फिल्म की तैयारी कर रही हैं और अपने किरदार के लिए हफ्ते में 6 दिन रिहर्सल कर रही हैं।



## शाहरुख खान ने शुरू की रणबीर और आलिया की ब्रह्मास्त्र की शूटिंग!



रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की अगली फिल्म ब्रह्मास्त्र अपने अनाउंसमेंट के समय से ही चर्चा में है। फिल्म के सेट की तस्वीरें और विडियो इंटरनेट पर खूब सुर्खियों में रही हैं। हाल ही में सुनने को मिला कि शाहरुख खान का इस फिल्म में स्पेशल अरपीयरेंस होगा। अब खबर है कि उन्होंने इस फिल्म के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। दरअसल एक ट्वीट के जरिए यह जानकारी मिली है कि शाहरुख ब्रह्मास्त्र के लिए शूटिंग शुरू कर चुके हैं। एक ट्विटर यूजर ने लिखा है, शाहरुख ब्रह्मास्त्र के साथ नाइट शेड्यूल डे 1. शाहरुख ही नहीं बल्कि अमिताभ बच्चन और साउथ इंडियन सुपरस्टार अक्किनेनी नागार्जुन भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे। अयान मुखर्जी की इस फिल्म में डिंपल कपाड़िया और मौनी रॉय भी अहम भूमिका में दिखेंगी। यह फिल्म अगले साल गर्मियों पर रिलीज़ होगी।

## आज का राशिफल

*मेषः-* इस वक्त आपके स्वास्थ्य और मानसिक धरातल में बहुत सुधार हो रहा है। कुछ कर गुजरने के लिए वे सभी हुनर काफी हैं जिनकी आपको जानकारी है। रही बात फायदे की वह भी अपने समय पर ही होगा।

*वृषभः-* इस वक्त आपकी दूरदर्शिता का असर आपके काम काज पर हो रहा है। आजीविका के क्षेत्र में आपके अनुभव को दूसरे लोग भी भांपने लगे हैं।

*मिथुनः-* आपके कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा और इसके चलते आपका स्वास्थ्य भी बेहतर होता जाएगा।

*कर्कः-* अब आपके लिए परिस्थितियां कुछ नया मोड़ ले रही हैं। आपके सभी अवरूद्ध लाभ भी हाथ में आने वाले हैं। यदि आप किसी करियर संबंधित प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं तो उसके लिए सभी पक्ष-विपक्ष के पहलुओं पर विचार कर लें।

*सिंहः-* किसी प्रकार का रिस्क लेने के लिए अभी समय अच्छा है। अगर निवेश या जमीन जायदाद संबंधी सौदा करने की सोच रहे हैं तो फिर आगे की चर्चा कर सकते हैं।

*कन्याः-* इस वक्त आपको अपने रूटीन लाइफ में बदलाव के लिए कहीं छुट्टी या पर्यटन का आयोजन करना उचित रहेगा। यदि आपके पास समय की कमी है तो आप अपने अधूरे काम पूरे करने की सोचें।

*तुलाः-* इस वक्त आपका पारिवारिक वातावरण अच्छा चल रहा है। घर के किसी सदस्य पर आकस्मिक संकट भी खत्म हो गया है।

*वृश्चिकः-* आपके द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय आज सार्थक हो सकते हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता आएगी। किसी के द्वारा किया गया परोपकार आपके लिए वरदान सिद्ध हो सकता है।

*धनुः-* आपके घर परिवार में इस वक्त कोई मांगलिक कार्य आयोजित होने की संभावना है। किसी विवाह योग्य सदस्य के लिए रिश्ते की बात आज हो सकती है।

*मकरः-* काफी समय से किसी मित्र के साथ पैदा हुए तनाव आज सुलह सफाई के स्तर पर आकर खत्म हो जाएगा। इससे आपको जहां राहत मिलने की संभावना है।

*कुंभः-* इन दिनों कुछ रंगीन मिजाज लोगों के साथ आपका उठना बैठना चल रहा है, लेकिन इस प्रकार के लोगों की संगत में रहने से पहले आपको अपने मान-सम्मान का ध्यान भी रखना चाहिए।

*मीनः-* किसी मानसिक भ्रम या भय के कारण आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। काम में अरुचि रहेगी। आवागमन में दिक्क त हो सकती है। किसी अविश्वसनीय व्यक्ति के कारण आपकी प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है। सुधार इतनी जल्दी नहीं होगा।

## कद्दू का हलवा बनाने की विधि



### आवश्यक सामग्री :

आधा पका पीला कद्दू
2 से 3 कप दूध
250 ग्राम मावा (खोया)
1 कप शक्कर
10 से 11 बादाम
आधी मुट्ठी किशमिश
10 से 15 कटे हुए काजू
2 चम्मच नारियल का बूरा
2 से 3 चुटकी इलायची पाउडर
एक चुटकी केसर
एक बड़ी चम्मच घी

### सजावट के लिए :

केसर, काजू, बादाम और नारियल के बूरे से कद्दू का हलवा सजाएं.

### विधि :

कद्दू को छीलकर धो लें और कद्दूकस करके एक बर्तन में उबाल लें, ठंडा होने पर हाथों से निचोड़कर कद्दू का सारा पानी निकाल दें.

कढ़ाई में घी डालकर उसमें कद्दू और दूध डालकर धीमी आंच पर पकाएं. - जब दूध सूख जाए, तो मावा और केसर डालकर अच्छी तरह मिलाएं, फिर एक बड़ी चम्मच से चलाकर दूध और मावा कद्दू में पूरी तरह से सूखाकर मिला लें.


अब कद्दू में शक्कर, इलायची पाउडर और मेवे डालकर अच्छे से चलाएं और पकाएं.

जब हलवा कढ़ाई में चिपकने लगे तो गैस बंद करके, गर्मा-गर्म हलवा खाने के बाद डेजर्ट में परोसें इसे आप अपने व्रत में भी खा सकते हैं.

## शब्द सामर्थ्य- 48

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 47 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सू-दोकू- 48

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.47 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |